



# धूमधाम से मनाया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

▶ **जैन समाजजनों ने शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा**

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जैन धर्म के चौबीसवें और अंतिम तीर्थंकर और वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर का जन्म महोत्सव सोमवार को चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को शहर में जैन समाज द्वारा भक्ति भाव और उल्लास से मनाया गया। जैन अनुयायियों ने मंदिर में प्रात: भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और पुजन कर भगवान को रथ और पालकी में विराजित कर बैंड-बाजों पर धार्मिक भजनों की धून पर शोभायात्रा निकाली। जो प्रमुख मार्गों से होते हुए जैन मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में समाज के बच्चे धर्म ध्वजा को लहराते हुए चल रहे थे, तो महिलाएं मंगल कलश लिए भक्ति भाव पूर्ण नृत्य करते हुए चल रही थी। युवा वर्ग धोती और दुपट्टे में भगवान की पालकी उठाए भगवान महावीर के नारों और महावीर भगवान के जयकारों के साथ चल रहे थे।

शोभायात्रा में मार्ग समाजजनों ने अपने-अपने घर और प्रतिष्ठानों के सामने भगवान की आरती उतार कर श्रीफल समर्पित किया। मंदिर पहुंचने के बाद भगवान के अभिषेक, शांतिधारा और आरती संपन्न हुई। दोपहर में समाजजनों ने प्रसादी का वितरण किया।

इस अवसर पर शाम के समय भगवान की आरती और माता त्रिशला और सिद्धार्थ राजा बन पालना झुलाने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भगवान महावीर का जन्म बिहार प्रांत के वैशाली स्थित राजा सिद्धार्थ और माता त्रिशला के यहां जन्म हुआ था। इस अवसर पर समाज के युवा, महिला, पुरुष और बच्चों में काफी उत्साह नज़र आया।

## मंदिर के शिखर पर किया ध्वजारोहण

वहीं दूसरी ओर अंजड़ में सकल जैन समाज भारतीय जैन संघटना द्वारा सामूहिक रूप से महावीर भगवान का जन्म कल्याण महोत्सव श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। प्रात :काल की बेला में भगवान महावीर का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। इसके बाद दिगंबर जैन मंदिर के शिखर पर समाज द्वारा ध्वजारोहण का कार्य संपन्न हुआ। नगर में श्री जी की शोभायात्रा निकाली गई। अंतिम जैन व धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि प्रति दिन संध्या में समाज के सभी घरों में भक्तांबर पाठ का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। भगवान के शिशु रूप को पालना में झुलाया। शाम को महाआरती का आयोजन और भजन संध्या भी रखी गई। श्वेतांबर जैन समाज की ओर से सभी के लिए वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया था।



# लाखों का पेमेंट पूरा, पुलिया निर्माण अधूरा

**सेंधवा, ( नवभारत )।** क्षेत्र के निवाली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भूरापानी के नवाड़ फलिया में 7 लाख 56 हजार रुपए की लागत से निर्माणाधीन पुलिया को लेकर गंभीर अनियमितताओं व भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्ण भुगतान के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा है और जो कार्य हुआ है, वह भी गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा। मामले में सीईओ ने निर्माण कार्य का परीक्षण कराकर अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।



स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता स्वागत मगन कनास्या ने आरोप लगाया कि संबंधित निर्माण कार्य को अधूरा रहते हुए भी पूर्ण दर्शाकर राशि का भुगतान निकाल लिया। जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व संबंधित इंजीनियर की मिलीभगत से गड़बड़ी हुई है, जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग हुआ है।

### गुणवत्ता पर गंभीर सवाल

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिया निर्माण में तकनीकी मानकों की अनदेखी करते हुए कंक्रीट के बीच बड़े-बड़े पत्थर डाले गए हैं। इससे संरचना की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं और यह भविष्य में हादसे का कारण बन सकती है। इस तरह का निर्माण सीधे तौर पर जन सुरक्षा से खिलवाड़ है।

### ग्रामीणों का विरोध और चेतावनी

उप सरपंच अजय डावर, पंचायत नेता प्रतिपक्ष सागर डावर, सामाजिक कार्यकर्ता राहुल कनास्या, विजय सेनानी, किसन पटेल सहित कई ग्रामीणों ने मामले को लेकर कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि यह केवल एक पुलिया का मुद्दा नहीं, बल्कि पंचायत स्तर पर योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार का उदाहरण है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गईए तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

**मामले में की जाएगी कार्रवाई...**

मामले में पंचायत सचिव सिंगा डूडवे ने बताया कि पूरा काम सरपंच, जनपद सदस्य और इंजीनियर ने कराया था। निवाली जनपद के सीईओ विरल पटेल ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी, अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# 17 मरीजों का होगा लैंस प्रत्यारोपण

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ. सुरेखा जमरे और डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में 30 मार्च को नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बड़वानी सहित खरगोन और धार जिले से 51 नेत्र मरीज अपनी आंखों की जांच कराने आए थे। ज्ञात रहे कि महावीर जयंती की छुट्टी होने के बाद भी जिला अस्पताल के स्टॉफ का सहरानीय सहयोग रहा।

राम जाट और सुधीर पाण्डेय ने बताया कि शिविर में मरीजों का नेत्र परीक्षण डॉ स्वीटी जैन, डॉ राकेश डडरवाल और केम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने किया। वहीं ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच सिस्टर लक्ष्मी बेगा ने की। वार्ड बाय सुधीर सोनाने ने शिविर की व्यवस्था सम्भाली। अनिल राठौड़ और दीपक सोनी भी शिविर में उपस्थित रहे।




महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षण के बाद 17 मरीज में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस से इंदौर भेजा गया। लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा मरीजों और उनके परिजनों को नि:शुल्क भोजन भी कराया गया। आगामी नेत्र परीक्षण शिविर 10 अप्रैल को आयोजित होगा।

# विधिक साक्षरता शिविर लगा

▶ **न्यायाधीश और थाना प्रभारी ने दी कानून के बारे में जानकारी**

**पानसेमल, ( नवभारत )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में दुर्गा खांडसारी मेंद्राणा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ।



शिविर में कर्मचारियों को सुरक्षा, कानून एवं अन्य विधिक अधिकारों की जानकारी दी। खेतिया न्यायालय न्यायाधीश नीलम खटाना, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन द्वारा पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों की गिरफ्तारी एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कर्मचारियों द्वारा सरकारी वकील, धाराओं एवं प्रकरणों से जुड़े सवाल पूछे गए, न्यायाधीश एवं थाना प्रभारी ने विस्तृत जवाब दिए। कर्मचारियों को एफआईआर के बाद न्यायालय में होने वाली प्रक्रिया को लेकर बताया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी पिन्टू भोंसले एवं आभार दीपक राजपूत ने किया। इस दौरान पवन रावतले, बसंत पाड़वी सहित दुर्गा खांडसारी कर्मचारी मौजूद थे।

## पैदल जा रहा नेत्रहीन बुजुर्ग हादसे का शिकार



**पानसेमल।** खेतिया-सेंधवा स्टेट हाइवे पर नेत्रहीन बुजुर्ग हादसे का शिकार हो गया। घटना खड़ीखम के निकट हुई, जिसमें नेत्रहीन मिचरा पिता फूलसिंह वास्कले 60 वर्ष निवासी नांदीयाबढ़ गंभीर घायल हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर एफआरवी वाहन पहुंचा, पायलट निकेश पाटिल, आरक्षक नवीन अटोदे ने शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर सीताराम सोलंकी ने स्टॉफ के साथ उपचार कराया। इसी घटना में बाइक पर सवार गणेश पिता मोहन चौहान उम्र करीब 40 वर्ष निवासी पानसेमल घायल हुए हैं। मोतीराम तुकाराम गिरासे, युवराज गिरासे, दिलीप पवार, भाईदास चौधरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार एंबुलेंस पर ड्यूटी दे रहे मोहन बर्डे, अटेंडर रमेश चौहान ने मिचरा वास्कले को हायर सेंटर ले जाया गया। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार द्वारा लापरवाही से बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों घायल हुए हैं। वहीं घटना कैसे हुई यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। घायलों के सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे थे।

## एक नजर में

### मानपुर सीएचसी में नवजातों के लिए फोटोथैरेपी मशीन शुरू

**मानपुर.** क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है. सीएचसी मानपुर अस्पताल में अब नवजात शिशुओं के उपचार के लिए फोटोथैरेपी मशीन की सुविधा उपलब्ध हो गई है. यह महत्वपूर्ण उपलब्धि नवनियुक्त क्लास वन शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राम आशीष शुक्ला के विशेष प्रयासों से संभव हो पाई है. अब तक नवजात बच्चों को पीलिया (जॉन्डिस) जैसी समस्याओं के उपचार के लिए इंदौर या अन्य बड़े अस्पतालों ले जाना पड़ता था, जिससे परिजनों को आर्थिक और मानसिक दोनों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था. लेकिन, अब इस नई सुविधा के शुरू होने से मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिल सकेगा. डॉ. राम आशीष शुक्ला ने बताया कि इस मशीन के माध्यम से नवजात शिशुओं का प्रभावी उपचार संभव हो सकेगा, जिससे समय पर इलाज मिलने से बच्चों की सेहत में तेजी से सुधार होगा. साथ ही, मरीजों के परिजनों को 10 से 20 हजार रुपये तक की आर्थिक बचत भी होगी. स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल के लिए डॉ. शुक्ला की सराहना की है और इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है.




### आज महावीर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी, निकलेगी रथयात्रा

**महू.** दिगम्बर जैन समाज द्वारा सोमवार को महावीर जयंती मनाई जाएगी. इस दौरान नगर में सुबह रथयात्रा निकाली जाएगी. मंदिरों में विशेष पूजन व कलशाभिषेक होंगे. शहर के चारों प्रमुख जैन मंदिर बड़े मंदिरजी, अजमेरी मंदिरजी, तेरापंथी मंदिरजी, चैत्यालय मंदिरजी में सुबह कलशाभिषेक व पूजन होगा. इसके बाद सुबह 8.15 बजे सांघी स्ट्रीट चौराहा से रथ यात्रा निकाली जाएगी. इसमें रजत जड़ित रथ में सवार होकर भगवान नगर भ्रमण करेंगे. रथयात्रा सांघी स्ट्रीट से गर्ल्स स्कूल चौराहा, हरी फाटक, मोती चौक, फूल चौक, माणक चौक, ड्रीमलैंड चौराहा, मैन स्ट्रीट, कोतवाली चौक होते हुए पुन: सांघी चौक पहुंचकर समाप्त होगी. रथयात्रा में महिलाएं व पुरुष वर्ग एक जैसे ड्रेस कोड में शामिल होंगे. रथयात्रा के समापन पर बड़े मंदिरजी में कलशाभिषेक होंगे. वहीं रथयात्रा के पूर्व अहिंसा चौक पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा.

### संपत्ति विवाद ने लिया हिंसक रूप, बुजुर्ग को हथौड़े से मारा

**इंदौर.** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद को लेकर एक बुजुर्ग के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि रूपरामनगर कॉलोनी में रहने वाले 78 वर्षीय सुरेश कुमार दात्रे ने शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार दोपहर करीब 12.45 बजे उनके रिश्तेदार वैभव दुबे, महेन्द्र दुबे और नरेन्द्र दुबे जबरदस्ती घर के मुख्य गेट पर चढ़कर अंदर घुस आए और दरवाजे का ताला तोड़ने लगे. विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी. आरोप है कि विवाद के दौरान महेन्द्र और वैभव ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया, जिसके बाद वैभव ने हथौड़े से हमला कर दिया, जिससे बुजुर्ग के दोनों हाथों में चोट आई. आरोपियों ने मकान में हिस्सेदारी का दावा करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी. पीड़ित के अनुसार उसका आरोपियों से पुराना संपत्ति विवाद चल रहा है, जिसके चलते वे जबरन कब्जा करने की नीयत से घर में घुसे थे. पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# भाजपा जिला कार्यालय पर जिला स्तरीय बैठक

▶ **स्थापना दिवस और अभियान को लेकर बनी रणनीति**

**आलीराजपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री श्रीमती संपत्तियां उइके, कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनिता चौहान, भाजपा जिला प्रभारी दिलीप पटोदिया उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों विशेषकर भाजपा स्थापना दिवस और गांव बस्ती चलो अभियान को लेकर आवश्यक चर्चाएं की गईं। कार्यकर्ताओं से संवाद कर विस्तृत कार्य योजना तैयार की और अभियान को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय की गईं। साथ ही संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान नगर पालिका आलीराजपुर, नगर परिषद आजाद नगर एवं जोबट के सभी नगरीय निकायों के नवनियुक्त सभी एल्डरमेन का स्वागत किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी खरत, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, विशाल रावत, महामंत्री रिंकेश तंवर, मोंटू शाह, राजू मुवेल सहित सभी 13 मंडलों के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।




# आलीराजपुर में 26 शासकीय स्कूलों के नए भवन निर्माण को मिली मंजूरी

## 4 करोड़ 23 लाख रुपये मंजूर

**आलीराजपुर। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के प्रयासों से आलीराजपुर जिले में 26 शासकीय स्कूलों के नए भवनों के लिए 4 करोड़ 23 लाख 11 हजार रुपए स्वीकृत हुए हैं। कैबिनेट मंत्री चौहान के प्रयासों से लिए गया यह निर्णय नई विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया है।**

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा पत्र प्रेषित करते हुए कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान को अवगत करवाया कि आपके पत्रों के अनुसार जिले के भवन विहीन प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए नए भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है। आलीराजपुर जिले के कुल 26 विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए लगभग 423.11 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। इनमें विभिन्न ग्रामों के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल भवन शामिल हैं, जहां लंबे समय से भवन की कमी महसूस की जा रही थी। सरकार के इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण में पढ़ाई का अवसर प्राप्त होगा।

इस उपलब्धि के लिए सांसद श्रीमती अनिता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, महामंत्री रिंकेश तंवर मोंटू शाह राजू मुवेल, सभी मंडलों के पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

# नगरीय प्रशासन ने निकायों में नियुक्त किए एल्डरमैन, सूची जारी

**आलीराजपुर। जिले के विभिन्न नगर निकायों में एल्डरमैन ( नामित वरिष्ठ पार्षद ) की नियुक्ति को लेकर प्रशासन ने सूची जारी कर दी है। जारी आदेश के अनुसार अलग-अलग नगर परिषदों एवं नगर पालिका में समाजसेवी एवं अनुभवी व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।**


नगर पालिका परिषद आलीराजपुर में कपिल मेहता, अंकित परवाल, संदीप राही, रामनारायण माली, राजेश गुप्ता एवं कान्तिलाल राठौर को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर परिषद जोबट में मनोज चौबे, मोहम्मद बोहरा (टेलर), मनोज प्रजापत और लक्ष्मणसिंह ठाकुर को एल्डरमैन बनाया गया है। वहीं नगर परिषद चंद्रशेखर आजाद नगर में धर्मेन्द्र जायसवाल, दीपक राठौर, विजय जैन और सोनल प्रजापत को एल्डरमैन के रूप में नियुक्ति दी गई है। प्रशासन द्वारा की गई इन नियुक्तियों में स्थानीय स्तर पर सक्रिय एवं सामाजिक कार्यों में जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी गई है। माना जा रहा है कि इन नियुक्तियों से नगर विकास कार्यों को गति मिलेगी और आमजन की समस्याओं के समाधान में सहायता होगी। नवनियुक्त सभी एल्डरमैन को कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनिता चौहान, रिंकेश तंवर, मोंटू शाह, राजू मुवेल, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, विशाल रावत सहित सभी भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने बधाईयां दी।

### निर्माणाधीन मकान में हादसा, महिला मजदूर की गिरने से मौत

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान एक महिला की गिरने से मौत हो गई. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि निपानिया कांकड़ में रहने वाली 32 वर्षीय लाड़की पति कन्हैयालाल पिछले दिनों धनलक्ष्मी नगर स्थित प्लॉट नंबर 78 के निर्माणाधीन मकान में सफाई कार्य कर रही थी. इसी दौरान बिना रेलिंग वाली टाइल्स युक्त सीढ़ी और पास की खुली डक्ट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण वह दूसरी मंजिल से फिसलकर नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गिर गई.

**एक नजर में** ▶ **वार्ड 54 के इंदिरा एकता नगर में सीवरेज लाइन के लिए खोदी सड़क पांच माह बाद भी अधूरी, लोगों में आक्रोश**

# अधूरी सड़क पर बने गड्ढे और बिखरी गिट्टी से रहवासी परेशान



**इंदौर.** नगर निगम की लापरवाही फिर सामने आई है. वार्ड 54 अंतर्गत आने वाले इंदिरा एकता नगर में सीवरेज लाइन के लिए सडक़ खोदी गई, लेकिन काम के बाद दोबारा नहीं बनाई गई. अधूरी और जर्जर सडक़ से लोगों को रोज धूल और गड्ढों के कारण परेशानी झेलनी पड़ रही है, जिससे रहवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है.

नगर निगम अधिकारियों की लापरवाही का यह मामला पूर्वी रिंग रोड स्थित मूसाखेड़ी क्षेत्र में सामने आया है. यूं तो इस क्षेत्र में 3 वार्ड आते हैं. इनमें से वार्ड क्रमांक 54 के इंदिरा एकता नगर में निगम की गंभीर लापरवाही सामने आई है. रहवासियों के अनुसार पांच माह पूर्व क्षेत्र की सडक़ को उखाडक़र सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया गया. उस दौरान जिम्मेदारों द्वारा बताया गया था कि एक महीने में सीवरेज कार्य पूर्ण होने पर दोबारा सडक़ का निर्माण किया जाएगा. सीवरेज कार्य पूरा होने के पश्चात गढ़ों में गिट्टी पत्थर डालकर अधूरा कार्य छोड़ दिया गया और अब तक सडक़ को दोबारा नहीं बनाया गया. इस अधूरे कार्य के कारण क्षेत्रवासी कई तरह की दुश्वारियां झेलने को मजबूर हैं.

सडक़ पर बड़े-छोटे गड्ढे और बिखरी पड़ी गिट्टी से दुर्घटनाएं हो रही हैं. आत-जाते वाहनों के कारण गिट्टी उडक़र लोगों को चोटे पहुंचा रही है. एक दिन छोडक़र जब नर्मदा नल का पानी क्षेत्र में पहुंचता है, तब पूरी सडक़ कीचड़ और पानी से लबालब भर जाती है, जिससे लोगों की और भी परेशानियां बढ़ जाती हैं. इस अधूरे कार्य के कारण जो दुश्वारियां हो रही हैं, उससे लोगों में काफी आक्रोश है. रहवासी नगर निगम से अधूरे कार्य को पूरा करने की मांग कर रहे हैं.

### यह बोले रहवासी...



गड्ढे और गिट्टी के कारण थोड़ा पानी गिरते ही कीचड़ हो जाता है. यहां सीवरेज का काम 5 माह पूर्व शुरू किया था और कहा था एक महीने कंप्लीट हो जाएगा फिर रोड बना देंगे, लेकिन अब तक नहीं बनाया.

- संतोष सोलंकी



जर्जर सडक़ पर बच्चे और वाहन चालक गिरते रहते हैं. गाडियों से पत्थर उचटकर लोगों को चोट पहुंचाते हैं. सीवरेज लाइन के लिए धन्यवाद, पर अब निगम अधिकारियों से निवेदन है कि जल्दी से सडक़ निर्माण कर दें.


- दुर्गेश रावत



जर्जर सडक़ से हो रही समस्याओं से क्षेत्रवासी परेशान हैं. इसको लेकर पार्षद से बात भी की, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि आठ-दस दिन में सडक़ का कार्य शुरू किया जाएगा, अब देखते हैं, कब शुरू होता है.

- गिरवर सिंह रावत

### सड़क निर्माण जल्दी करा दिया जाएगा



अगले महीने 10 तारीख तक टेंडर खुलने की संभावना है, जिसमें बजट भी तय किया जाएगा, उसके बाद ठेकेदार को वर्क आर्डर दिया जाएगा. जल्दी क्षेत्र की सडक़ निर्माण कार्य शुरू कर देंगे.

- महेश बसवाल, पार्षद